युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

जयपुर, (निसं)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में विकास और जनकल्याण की अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार और समाज के सभी वर्ग मिलकर कार्य कर रहे हैं। जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना का निर्णय लिया गया है, जिससे सभी वर्गों और परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का बेहतर आकलन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अठावले ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देशभर में 58 करोड़ 30 लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जबकि राजस्थान में 3 करोड़ 84 लाख से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत देशभर में 58 करोड़ 31 लाख से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। राजस्थान में वर्ष 2015 से 2026 तक 2 करोड़ 51 लाख 93 हजार लाभार्थियों को 2 लाख 9 हजार 404 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देशभर में 10 करोड़ 43 लाख गैस कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि राजस्थान में 74 लाख 32 हजार परिवारों को इसका लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत देशभर में 2 करोड़ 79 लाख से अधिक मकानों का निर्माण किया गया है, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 96 लाख 71 हजार से अधिक मकान बनाए गए हैं। राजस्थान में इस योजना के तहत 2 लाख 74 हजार से अधिक मकानों का निर्माण हो चुका है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देशभर में 12 करोड़ 17 लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला है, जबकि राजस्थान में 95 लाख से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।

जेडीसी ने नागरिक सेवा केन्द्र पहुंचकर शहरी सेवा शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

जयपुर (निसं)। राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई तक "शहरी सेवा शिविर-2026" आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर की तैयारियों का शुक्रवार को जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने नागरिक सेवा केन्द्र पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान विकास आयुक्त ने नागरिक सेवा केन्द्र में आमजन के लिए विकसित किए गए प्रतीक्षालय, टोकन व्यवस्था, आवेदन पंजीकरण प्रक्रिया, अभिलेख संधारण एवं प्रकरणों की सुनवाई संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से शिविरों में आने वाले आवेदकों को सरल, सुगम एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध राहत मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जोन उपायुक्तों द्वारा जेडीसी को शिविर संचालन की तैयारियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ई-फाइलिंग प्रक्रिया,

शुक्रवार को जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने नागरिक सेवा केन्द्र पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया।

प्रकरणों के ऑनलाइन अग्रेषण की व्यवस्था तथा नागरिक सेवा केन्द्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया। जेडीसी ने ई-मित्र काउंटर का भी निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन प्रियाबलराम शर्मा, जोन उपायुक्त प्रशासन व स्टोर सहित वरि. अधिकारीगण उपस्थित रहे। महाजन ने जोनवार आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविरों की समीक्षा करते हुए विभिन्न जोनों के अधिकारियों से पट्टा वितरण, लंबित आवेदनों, नामांतरण, लीज, भवन निर्माण स्वीकृति एवं अन्य प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि

■ उन्होंने अधिकारियों से शिविरों में आने वाले आवेदकों को सरल, सुगम एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध राहत मिल सके

शिविर अवधि में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी जानकारी प्राप्त की कि प्रतिदिन कितने आवेदन प्राप्त हो रहे हैं तथा तैयार पट्टों का वितरण किस गति से किया जा रहा है। जेडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पट्टा प्राप्ति से संबंधित आवेदन प्राप्त होते ही नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर आवेदकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। साथ ही सभी जोन उपायुक्तों से तैयार पट्टों एवं लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। शहरी सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत 12 जून, 2026 शुक्रवार को जोन 8, 14, 16 एवं 17 के लिए शिविर आयोजित किए गए। वहीं 15 जून 2026 को जोन , 12, 23 एवं 24 के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न ज़ोन में शुक्रवार को आयोजित शिविरों में आवेदनों का निस्तारण : जोन 8 : 18 पट्टे, 15 नाम हस्तांतरण, 5 उपविभाजन/पुनर्गठन, 1 खांचा भूमि, जोन 14 : 80 पट्टे, 3 नाम हस्तांतरण, 2 उपविभाजन/पुनर्गठन, जोन 16 : 02 पट्टे, 02 उपविभाजन/पुनर्गठन, जोन 17 : 07 पट्टे, 04 कब्जा पत्र, 05 नाम हस्तांतरण किए।शिविरों में भू-प्रबंधन, लीज, नामांतरण, पट्टा, आवंटन, भवन निर्माण स्वीकृति, राजस्व वसूली, संस्थागत एवं आवासीय प्रकरणों सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है।

सार-समाचार

हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान का 10 वां उर्स कल से

जयपुर(निसं)। संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी रह.के उर्स की तैयारियां जोरों से चल रही है उर्स मुबारक 14 जून से 16 जून तक तीन दिनों का मनाया जाएगा। तीन दिनों में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उर्स की शुरुआत शाम को सूफी कॉन्फ्रेंस के साथ होगी, रात में सूफी क्लासिकल म्यूजिक नाइट में मशहूर फनकार अपने फन का मुजाहिरा पेश करेंगे इस मौके पर दसवें उर्स के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। दरगाह सज्जादानशीन डॉ सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मनाया जाएगा यह उनका दसवां उर्स है जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है।तीन दिनों तक चलने वाले उर्स का 14 जून से आग़ाज़ होगा।शाम को सूफी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा जिसमें अजमेर दरगाह के दीवान हज़रत सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती सदारत करेंगे। "मेरा मुल्क मेरी पहचान,मेरी पहचान हिन्दुस्तान" शीर्षक पर चर्चा होगी। इसके अलावा प्रदेश भर की दरगाहों के प्रतिनिधि भी इसमें शिरकत करेंगे,रात में सूफी क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा,प्रोग्राम में प्रसिद्ध फनकार अपने फन का मुज़ाहिरा करेंगे।15 जून को सुबह 7 बजे कुरानखानी होगी,सुबह 11:00 बजे मजार मुबारक का गुस्ल,शाम को 6:00 बजे चादरे पेश की जाएगी रात 9:00 बजे लंगर और देर रात महफिले समा चलेगी। जिसमें देशभर के मशहूर मारूफ कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे।16 जून को सुबह मिलाद शरीफ होगी बाद नमाज जोहर कव्वाली का प्रोग्राम होगा और 5:00 बजे कुल के रस्म के साथ उर्स का समापन होगा।

निष्क्रिय खातों का मनी म्यूल के रूप में इस्तेमाल कर रहे साइबर अपराधी

जयपुर(निसं)। राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं) कार्यालय ने चेतावनी दी है कि वर्षों से बंद, निष्क्रिय (इनएक्टिव) अथवा अनुपयोगी पड़े बैंक खाते साइबर अपराधियों के लिए आसान निशाना बनते जा रहे हैं। ठग ऐसे खातों का उपयोग ठगी से प्राप्त धनराशि को छिपाने, विभिन्न खातों में स्थानांतरित करने तथा पुलिस जांच से बचने के लिए 'मनी म्यूल अकाउंट' के रूप में कर रहे हैं।पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी मुख्य रूप से सोशल इंजीनियरिंग, विशिंग (फोन कॉल के जरिए ठगी) और फिशिंग लिंक के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। ठग स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर कॉल करते हैं और खाते को सक्रिय रखने या केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ग्राहक आईडी, जन्मतिथि, ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारियां हासिल कर लेते हैं। इसके बाद वे खाते में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवाकर बैंकिंग सुविधाओं का दुरुपयोग करते हैं।इसी प्रकार बैंक के नाम से फर्जी एसएमएस और ईमेल भेजे जाते हैं, जिनमें खाते के बंद होने या केवाईसी अपडेट करने का संदेश होता है।

रीको ने रचा नया कीर्तिमान: 5 माह में पूरी की भर्ती प्रक्रिया

जयपुर (निसं)। रीको ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सहायक स्थल अभियंता (सिविल) भर्ती का अंतिम परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। भर्ती में चयनित 39 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने के साथ ही रीको के विभिन्न इकाई कार्यालयों में पदस्थापन भी कर दिया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा रही है कि राज्य के युवाओं को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों तथा विभिन्न विभागों, बोर्ड और निगमों में भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता और निर्धारित समय में पूरी कर युवाओं को समय पर नियुक्ति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री की इसी सोच के अनुरूप रीको ने मात्र पांच माह के रिकॉर्ड समय में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान

■ 39 सहायक स्थल अभियंताओं को दिए नियुक्ति पत्र

की है।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न की गई। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री का स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध हो जिससे वे राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। रीको द्वारा सहायक स्थल अभियंता (सिविल) के 39 पदों पर सीधी भर्ती हेतु 28 दिसंबर 2025 को विज्ञापन जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन 29 दिसंबर 2025 से 27 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए थे। इस भर्ती में वैध गेट स्कोर के आधार पर चयन किया गया, जो रीको की ओर से अपनाया गया एक नवाचार है। इससे योग्य एवं प्रतिभाशाली सिविल अभियंताओं को रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। गेट स्कोर के माध्यम से अभियंताओं की भर्ती देश के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों जैसे एनपीसीआईएल, इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल, ओएनजीसी तथा पीजीसीआईएल में भी की जाती है। भर्ती प्रक्रिया प्रतिष्ठित एजेंसी आईबीपीएस के माध्यम से ऑनलाइन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।

पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के उपरांत 11 जून 2026 को अंतिम परिणाम जारी किया गया तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर पदस्थापन भी कर दिया गया है।रीको द्वारा आवेदन आमंत्रण से लेकर दस्तावेज सत्यापन, परिणाम घोषणा, नियुक्ति पत्र वितरण एवं पदस्थापन तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कर भर्ती प्रबंधन में नए मानक स्थापित किए गए हैं।

गौरतलब है कि रीको राज्य में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, विकास एवं रखरखाव का कार्य करता है। वर्तमान में रीको के 33 इकाई कार्यालयों के माध्यम से लगभग 450 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जा चुका है। सहायक स्थल अभियंता (सिविल) इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण, भवन निर्माण तथा अन्य आधारभूत संरचना विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इसके अतिरिक्त रीको द्वारा विभिन्न अन्य संवर्गों के कुल 121 पदों के लिए भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है तथा लिखित परीक्षा आयोजित किए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। इन भर्तियों से संस्थान में स्टाफ की कमी दूर होगी, उद्यमियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं रखरखाव कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने देखी 'भारत भाग्य विधाता' फिल्म

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ फिल्म की खास स्क्रीनिंग रखी गई।

जयपुर। कंगना रनौत स्टारर भारत भाग्य विधाता आज धमाकेदार रिस्पॉन्स के साथ रिलीज़ हो गई है। कंगना अपनी पूरी टीम के साथ देशभर का दौरा कर रही हैं, उन असली हीरोज़ को सम्मान देने के लिए जो मुश्किल वक्त में चुपचाप भारत को संभालकर रखते हैं। भुवनेश्वर, रायपुर, दिल्ली और जोधपुर में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के बाद, कंगना और निर्माता डॉ. जयंतीलाल गड़ा जयपुर पहुँचे, जहाँ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ फिल्म की खास स्क्रीनिंग रखी गई।

इस मौके पर कंगना, डॉ. गड़ा और मुख्यमंत्री ने राज्य के कुछ असली हीरोज़ को उनके देश और समाज के प्रति समर्पण के लिए 'बैज ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया। इस खास शाम में लोकसभा सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं।

जयपुर डेयरी संयंत्र का 133 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया

जयपुर। राजधानी जयपुर में दुग्ध उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) के संयंत्र का 133 करोड़ की भारी-भरकम लागत से पूरी तरह आधुनिकीकरण और नवीनीकरण (मॉर्डनाइजेशन) कर दिया गया है।

अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस नए प्लांट का उद्घाटन जल्द ही होने जा रहा है, जिससे जयपुर सहित आसपास के जिलों में दूध और घी की आपूर्ति व्यवस्था बेहद मजबूत हो जाएगी। इस नए मेगा प्लांट के भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारियों को परखने के लिए राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने

नए मेगा प्लांट के भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारियों को परखने के लिए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने संयंत्र का निरीक्षण किया।

संयंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। मंत्री कुमावत ने प्लांट के चप्पे-चप्पे का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रोसेसिंग यूनिट्स की कार्यप्रणाली को समझा। निरीक्षण के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डेयरी मंत्री ने बताया कि प्रोसेसिंग प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका उदघाटन करेंगे। इस निरीक्षण के दौरान राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) की प्रबंध संचालक (एमडी) श्रीमती श्रुति भारद्वाज और जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक (एमडी) मनीष फौजदार भी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने मंत्री को आधुनिकीकरण के बाद आई नई तकनीकों और बढ़ी हुई क्षमताओं की तकनीकी जानकारी दी।

क्षमता में हुआ ऐतिहासिक विस्तार: डेयरी मंत्री कुमावत ने बताया कि इस नवीनीकरण के बाद जयपुर डेयरी प्लांट की ताकत और उत्पादन क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दूध को संसाधित (प्रोसेस) करने की क्षमता अब 12 लाख लीटर से बढ़कर 20 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई है।

उप मुख्यमंत्री ने पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

जयपुर, (निसं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सचिवालय में पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़, उप शासन सचिव (कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व) अनुपम कायल एवं अतिरिक्त निदेशक (पर्यटन) आनंद त्रिपाठी की उपस्थिति में पर्यटन, कला एवं संस्कृति व पुरातत्व विभाग की 15 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने राइजिंग राजस्थान के एमओयू की अधिक से अधिक ग्राउंड ब्रेकिंग किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास कार्यों एवं योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

उप मुख्यमंत्री को बैठक में पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पर्यटन के प्रमोशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, हेरिटेज संरक्षण एवं आधारभूत ढांचे से जुड़ी

■ राज्य सरकार का उद्देश्य राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाना है : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

परियोजनाओं की अब तक की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने पुष्कर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, मीडिया कैंपेन, आमेर लाइट एंड साउंड शो, टूरिज्म ऐप, महाराणा प्रताप सर्किट, के माध्यम से प्रमोशन, टूरिज्म सेंटर (वॉल्ड सिटी), क्रिएटिव कैंपेन, वार म्यूजियम (झुंझुनूं), जयपुर 300 वर्ष पहल, प्रॉपर्टीज, आमेर मास्टरप्लान (फेज-) - बेसिक अमेनिटीज तथा आमेर मास्टर प्लान - फेज की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। वहीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की उप शासन सचिव अनुपम कायल ने अल्बर्ट हॉल विकास कार्य तथा शिल्पग्राम रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट से सम्बंधित अब तक की प्रगति से अवगत कराया।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरी पुत्री का नाम अनिता कंवर से बदलकर आयुषी राठौड पुत्री शंकर सिंह रख लिया है। भविष्य में आयुषी राठौड के नाम से ही जाना पहाना जाये। निवासी गोकुलपुरा, कालवाड रोड, जयपुर राजस्थान

मैं Vidya Devi पत्नी Late. Jai Narayan, Army No. 3171832-H JAT Regiment निवासी गांव खुडाना तहसील चिडावा जिला झुंझुनू (राज.) है मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम Bidhya Devi दर्ज है जो सही नहीं है जबकि मेरा सही नाम Vidya Devi जन्म दिनांक 05 जून 1959 पढा जाये।

मैंने मेरी पुत्री का नाम अनिता कंवर से बदलकर आयुषी राठौड पुत्री शंकर सिंह रख लिया है। भविष्य में आयुषी राठौड के नाम से ही जाना पहचाना जाये। निवासी गोकुलपुरा, कालवाड रोड, जयपुर राजस्थान

I Brijesh Kumar S/o Rajkumar Tyagi, R/o B-506, 5th floor, green acres, lavender ashadee, ashadee, Neemrana, Alwar, Rajasthan-301705 have changed my name Brijesh Tyagi for all future uroses.

खोया पाया

लूनियावास गृ.नि.स.स. लि. की आवासीय योजना देवराज नगर द्वितीय मदरामपुरा तहसील सांगानेर, जयपुर के प्लॉट नं. 71 की पॉवर ऑफ अटार्नी कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। लता धर्मपाल केशनानी (लता केशनानी)- मो.नंबर-9636003723

मेरे मकान 2/637 मालवीय नगर जयपुर का मूल डिक्लेरेशन व अदेय प्रमाण पत्र मालवीय नगर में कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें-सतीश कुमार अरोडा 92697-86751

मेरे भूखण्ड संख्या प्लाट नं. ए-58 अयोध्या नगर, कान्हा विहार गांधी पथ (नियर लालरपुरा) का शिवा कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड द्वारा जारी लीज के लिए अलॉटमेंट लेटर, पेमेंट स्लिप, साइट प्लान मूल आवंटन पत्र एवं मूल कब्जा पत्र मेरा एस.बी.आई. बैंक (निर्माण नगर, जयपुर) का एक चैक (चेक नंबर 858 327) और 500/- का एक खाली स्टाम्प पेपर जयपुर में हीं खो गये है मिलने पर सूचित करें रामेश्वर सुधार-9001904723

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रघुवीर सिंह तंवर पुत्र श्री रिछपाल सिंह तंवर उम्र 73 वर्ष, निवासी-14 कान्ति नगर, हाथी बाबू मार्ग, कैलाश गीत होटल के सामने पोलोविक्ट्री जयपुर (राज.) का निवासी है। मेरे अभिभाष्य की समस्त ल एवं अल सम्पत्ति में मेरे अभिभाष्य के पुत्र प्रताप सिंह तंवर व पुत्रवधु बीना तंवर तथा पुत्र भानुप्रताप सिंह तंवर, पुत्रवधु जस्मीन कौर तथा पौत्र रणवीर सिंह तंवर व राजवीर सिंह तंवर का ही हक व अधिकार रहेगा। मेरे अभिभाष्य की पुत्री पूजा तंवर का मेरे अभिभाष्य की समस्त चल एवं अचल सम्पति में किसी प्रकार का कोई हक-हकूक व अधिकार तथा हिस्सा नहीं होगा। अगर कोई भी व्यक्ति, संस्था, सर्वेन्ट, ऐजेन्ट किसी भी प्रकार का कोई समव्यवहार मेरे अभिभाष्य की पुत्री पुजा तंवर से करते हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। अत सूति रहे।
जयपुर दिनांक-12.06.2026 (सुनील शर्मा) एडवोकेट मो. 9351159767

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट "अराबेला" का विस्तार, जो कि गांव- बस्सी सीतारामपुरा, झोटवाड़ा रोड़, के पास अम्बाबाड़ी ब्रिज, तहसील एवं जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित है, त्रिमूर्ति लैंडकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है इस पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) के प्रपोजल नंबर SIA/RJ/INFRA2/472445/2024, दिनांक 12.03.2026 को प्रदान कर दी गई है जो कि वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है।
वास्ते त्रिमूर्ति लैंडकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड।

लोक सूचना कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-बी जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: 90A/JDA/2026-27/100683 दिनांक : 03.06.2026
श्री M/S NANAK BUILDFARM PVT. LTD. THROUGH DIR. BALDEV RAJ NAGPAL पुत्र श्री NANAK CHAND NAGPAL जाति- NAGPAL निवासी 178 FRONTIER COLONY ADARSH NAGAR JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्ट.)	आवेदित क्षेत्रफल (हैक्ट.)
1	आमेर	1. मैसर्स नानक बिल्डफार्म प्रा.लि. जरिये निदेशक सुरेन्द्र कुमार नागपाल पुत्र नानकचन्द नागपाल हिस्सा पूर्ण सा. म.न. 51, बनीज कॉलोनी जयपुर खातेदार	5183	0.12	0.12
2	आमेर		5184	0.03	0.03
3	(जयपुर)		5199	0.48	0.48
				कुल	0.63

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर "विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें" Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराएं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03-06-2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी जोन-बी, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 631/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री हीरालाल शर्मा निवासी जैतपुर खिंची रोड, कारीगरों का मौहल्ला ग्राम अचरोल तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत ब्रह्म पीठम ट्रस्ट (बी.पी.टी.) जैतपुर खिंची रोड, कारीगरों का मौहल्ला, ग्राम अचरोल तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.07.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

आम सूचना

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण चंदन शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा पुत्र स्व. श्री आनन्द शर्मा द्वारा मकान नम्बर 3747, जयपुर नगर चौकडी पुरानी बस्ती, नाहरगढ रोड, बौंसली की टूंटी, चांदपोल बाजार, जयपुर में बनी एक दुकान दक्षिणी साईड की जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 34 फीट एवं उत्तर से दक्षिण 8 फीट 6 ईंच जिसका कुल क्षेत्रफल 32.11 वर्गगज है, को सत्यनारायण मिश्रा पुत्र स्व. श्री चन्द्रप्रकाश जी शर्मा निवासी मकान नम्बर 3744, 3746/3747, बौंसरी की टूंटी, नाहरगढ रोड, पुरानी बस्ती, जयपुर से क्रय करने का अनुबंध किया गया है। उक्त सम्पत्ति को बेचने बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दस्तावेजों के साथ 07 दिवस में मुझसे सम्पर्क करते हुए आपत्तियों से अवगत करावे अन्यथा मेरे अभिभाष्यगण द्वारा विक्रय पत्र पंजीबद्ध करवा लिया जावेगा व इसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर, दिनांकः 25/03/2026 भवदीय
(जतिन मीना) एडवोकेट, मो.: 9929602562

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.

गांधी नगर रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर-302015, Tele Fax : 0141-2711075
EPABX :0141-2713666-69, ई-मेल: jaipurdairy@jaipurdairy.com वेबसाइट : www.jaipurdairy.com

निविदा सूचना

NIB Code CDF2627A0330 जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. में Cleaning Items & Flavoured Milk Can 200ML की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। NIB Code CDF2627A0329 जयपुर दुग्ध संघ में Hiring of Services of Labour Law Consultant For registration Under BOCW Act. & Generation of challan And Various Returns Under ESI Act. & Under EPF And MP Act हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत शर्तें, सूचना एवं महत्वपूर्ण दिनांक आदि संघ की वेबसाइट www.jaipurdairy.com एवं sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।
प्रबन्ध संचालक
जीवन में भरे रस, हमारा प्यारा सरस

COLLEGE OF AGRICULTURE

(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201
No. :- F. /OT/COA-K/2026/7169 Date :- 09/06/2026

NOTICE INVITING BID

Bid for open tender regarding Kachha Farm Pond Digging are invited from interested bidders up to 12:00 PM of 15.06.2026 and the tender will be opened on 15.06.2026 at 01.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the Rajasthan state; and **www.sknau.ac.in** University Website.
NIB code: SKN2627A0083 and UBN is: SKN2627SSRL00083
Raj.Samwad/C/26/4725 DEAN

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर के भूखण्ड संख्या जी 1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर के उपविभाजन/हस्तान्तरण की स्वीकृति मैसर्स ओम प्लास्टिक इण्डस्ट्रीज प्रोप. श्री प्रकाश चन्द मघरानी के पक्ष में दिनांक 18.03.1999 को जारी की गई तथा लीजडीड का निष्पादन दिनांक 24.03.1999 को करवाया गया। श्री प्रकाश चन्द मघरानी प्रोप. मैसर्स ओम प्लास्टिक इण्डस्ट्रीज द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2008 अनुसार भूखण्ड संख्या जी1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 215.25 वर्गमीटर का विक्रय श्री हनुमान डागा निदेशक मैसर्स जय श्री नेरू फैबरिक्स प्रा.लि. को किया गया। तत्पशत शुद्धि पत्र दिनांक 09.02.2026 को किया गया, जिसमें भूखण्ड का विक्रय क्षेत्रफल 215.25 के स्थान पर 221.50 वर्गमीटर का विक्रय किया गया। तत्पश्चात श्री प्रकाश चन्द मघरानी प्रोप. मैसर्स ओम प्लास्टिक इण्डस्ट्रीज द्वारा भूखण्ड संख्या जी1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 280 वर्गमीटर का विक्रय पंजीकृत विक्रय दिनांक 13.03.2011 अनुसार श्रीमती प्रीति अग्रवाल को कर दिया गया। श्रीमती प्रीति अग्रवाल द्वारा भूखण्ड जी1-155(ए) क्षेत्रफल 280 वर्गमीटर का पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.04.2026 अनुसार मैसर्स जय श्री नेरू फेबरिक्स प्रा.लि. को विक्रय कर दिया गया। पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2008, शुद्धि विक्रय पत्र दिनांक 08.02.2026, पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13.03.2011 एवं 15.04.2026 अनुसार क्रेता मैसर्स जय श्री नेरू फेबरिक्स प्रा.लि. द्वारा इस कार्यालय में भूखण्ड संख्या जी1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर के हस्तान्तरण हेतु दिनांक 08.06.2026 को आवेदन किया है जिसकी कार्यवाही इस कार्यालय विचाराधीन है।
औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर के भूखण्ड संख्या जी1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर की निष्पादित लीजडीड दिनांक 24.03.1999 कहीं गुम हो गई है जिसके संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट 3157857/2026 दिनांक 26.05.2026 को राजस्थान पुलिस में श्री आशिष अग्रवाल कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा करवाई है जिसकी प्रति प्रस्तुत की है। भूखण्ड की मूल लीजडीड दिनांक 24.03.1999 खोने के संबंध में तथा तलाश करने व नहीं मिलने बाबत कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा एक उत्तरदायित्व शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।
अतः इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी सरकारी/गैरसरकारी/वित्तीय संस्थान/व्यक्ति विशेष द्वारा दिनांक 24.03.1999 निष्पादित मूल लीजडीड को ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु अथवा किसी अन्य कारण से बन्धक रखा हो तो इस संबंध में आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर दें। अगर उक्त अवधि के भीतर कोई आपत्ति या सूचना प्राप्त नहीं होती है तो माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2008, शुद्धि विक्रय पत्र दिनांक 09.02.2026, पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13.03.2011 एवं 15.04.2026 अनुसार औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर के भूखण्ड संख्याजी1-155(ए) क्षेत्रफल 501.50 वर्गमीटर के हस्तान्तरण की स्वीकृति मैसर्स जय श्री नेरू फैबरिस प्रा.लि. के पक्ष में जारी कर डुप्लीकेट/लीजडीड का निष्पादन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको, जयपुर (दक्षिण)

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक : न.नि.भ. / स्कीम / 2026-27 / 856 दिनांक : 08.04.2026

सार्वजनिक सूचना

तिलक नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 26 क्षेत्रफल 135.33 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 2460 दिनांक 19.12.2012 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्रीमती कुट्टी अम्मा के.के. पत्नी श्री सुन्दरलाल कपूर जाति खत्री निवासी - 26, तिलक नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्रीमती कुट्टी अम्मा के.के. पत्नी श्री सुन्दरलाल कपूर ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 30.01.2013 को श्रीमती भूदेई पत्नी श्री देवी सिंह को विक्रय कर दिया। श्रीमती भूदेई पत्नी श्री देवी सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 05.03.2021 को श्री बच्चू सिंह पुत्र श्री शेर सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री बच्चू सिंह पुत्र श्री शेर सिंह जाति जाट निवासी - 10 / 69 नेहरू नगर, तह० व जिला भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं।
भूखण्ड संख्या 26, तिलक नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 26, तिलक नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक : न.नि.भ. / स्कीम / 2026-27 / 6074-75 दिनांक : 12.06.2026

सार्वजनिक सूचना

रणजीत नगर योजना भरतपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 32-D श्री बुद्धाराम शर्मा पुत्र श्री नन्दनराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी - रणजीत नगर, भरतपुर के नाम 99 वर्षीय लीज होल्ड पर आवासीय भूखण्ड आवंटन / नीलामी में नगर विकास न्यास, भरतपुर द्वारा विक्रय किया गया था। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गगज है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड श्री बुद्धाराम शर्मा पुत्र श्री नन्दनराम शर्मा के नाम पूर्व में जारी हो चुकी है। श्री बुद्धाराम शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.11.2018 को हो चुकी है। रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 08.06.2026 अनुसार श्री बुद्धाराम शर्मा के वारिसान श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी स्व० श्री बुद्धाराम शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्रान् स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा, श्रीमती अंजू पाराशर पुत्री स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा हैं। श्रीमती अंजू पाराशर पुत्री स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा ने जरिये रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 08.06.2026 के द्वारा अपने हक का परित्याग श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्रान् स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा के हक में कर दिया। आवेदकान् श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी स्व० श्री बुद्धाराम शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्रान् स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा के हक में कर दिया। आवेदकान् श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी स्व० श्री बुद्धा राम, श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्रान् स्व० श्री बुद्धा राम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासीयान्- D-32, रणजीत नगर, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं। उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।
इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 32-D, रणजीत नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी, नगर निगम, भरतपुर